### सभी कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ तेजी से पूर्ण करने के दिए निर्देश

# उपमुख्यमंत्री साव ने मिशन अमृत के तहत निर्माणाधीन जल प्रदाय योजना का किया औचक निरीक्षण

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने मंगलवार को गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर नगर पंचायत पहुंचकर मिशन अमृत 2.0 के तहत निमार्णाधीन जल प्रदाय योजना के कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने सरगी नाला एनीकट पर प्रगतिरत इंटेकवेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यों का जायजा लेकर अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने दर्रीपार रोड किनारे निमार्णाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर निमार्णाधीन पंप हाउस, फिल्टर टैंक, रिजर्वायर टैंक इत्यादि का बारिकी से निरीक्षण किया। राजिम के विधायक रोहित साहू, नगरीय



प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. और गरियाबंद के कलेक्टर दीपक अग्रवाल भी निरीक्षण के दौरान मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्माण कार्यों तथा निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों की सुविधा और मजबूती को ध्यान में रखते हुए अच्छी सामग्रियों का उपयोग करने को कहा। उन्होंने वरिष्ठ मैदानी अधिकारियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए। साव ने सभी कार्यों में तेजी लाते हुए निर्माण एजेंसी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी और उप अभियंता को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने को कहा।

### मिशन अमृत से हर घर पहुंचेगा नल से जल, फिंगेश्वर की 13 हजार आबादी होगी लाभान्वित

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी मिशन अमृत 2.0 के अंतर्गत निर्माणाधीन इस जल प्रदाय योजना से फिंगेश्वर शहर के तीन हजार परिवारों तक नल से स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। सरगी नाला एनीकट पर इंटेकवेल बनाकर पाइपलाइन से पानी तीन किमी दूर फिंगेश्वर शहर लाया जाएगा। फिंगेश्वर के दर्रीपार में बन रहे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में उच्च तकनीक एवं निर्धारित मापदण्डों के अनुसार जल का शुद्धिकरण कर घरों में आपूर्ति की जाएगी। शहर की करीब 13 हजार आबादी को इसका लाभ मिलेगा। अब तक योजना का 60 प्रतिशत काम पूर्ण कर लिया गया है। विभाग द्वारा इस साल जून तक काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। फिंगेश्वर नगर पंचायत में 37 करोड़ आठ लाख रुपए की लागत से यह जल प्रदाय योजना विकसित की जा रही है। योजना का काम पूर्ण होने के बाद पांच वर्ष तक संचालन एवं मरम्मत का कार्य भी संबंधित फर्म करेगी। योजना में निर्माणाधीन 4.69 एमएलडी क्षमता के इंटेकवेल का 86 प्रतिशत और तीन एमएलडी क्षमता के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का 57 प्रतिशत काम पूर्ण कर लिया गया है। इन दोनों कार्यों के साथ ही पाइपलाइन बिछाने और नल कनेक्शन का काम जारी है। योजना के तहत 3.8 किमी रॉ-वॉटर पाइपलाइन, 3.7 किमी क्लीयर-वॉटर पाइपलाइन, 48 किमी डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और दो ओवरहेड पानी टंकिया भी निर्मित की जा रही हैं।

# प्रयागराज के छत्तीसगढ़ पैवेलियन में दिखेगी प्रदेश के विकास की झलक



पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in

छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और यहां का गौरवशाली इतिहास हर किसी को प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और मोदी की गारंटी के साथ तेजी से आगे बढ़ रहे छत्तीसगढ़ को जानने के लिए देश में हर कोई बेताब रहता है।

इसकी बड़ी झलक प्रयागराज महाकुम्भ के दौरान छत्तीसगढ़ पैवेलियन में देखने को मिल रही है। प्रयागराज के सेक्टर 6 महाकुम्भ में लक्ष्मी द्वार के पास भारत सरकार के कलाग्राम के सामने छत्तीसगढ़ पैवेलियन स्थित है। प्रवेश द्वार को छत्तीसगढ़ की पहचान गौर मुकुट का रूप दिया गया है। प्रवेश द्वार पर बस्तर के चित्रकोट वाटरफाल की तस्वीर लगी है। पैवेलियन में प्रवेश करते ही छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा और प्रवेश द्वार के दाहिनी तरफ मां महामाया, मां चंद्रहासिनी, मां दंतेश्वरी और मां बम्लेश्वरी की फोटो और उनकी जानकारी दी गयी है। पैवेलियन के भीतर प्रवेश करते ही बांयी तरफ छत्तीसगढ़ के जीवंत ग्रामीण परिवेश को दिखाया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### मरीन ड्राइव में फिटनेस अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन, बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

**रायपुर।** प्रदेश के रायपुर स्थित मरीन ड्राइव तेलीबांधा में पुलिस ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। जिसके लिए यहां पर रोड सेफ्टी और फिटनेस अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया हैंफिटनेस के लिए इस इवेंट में जुंबा, एरोबिक्स, स्किल, ड्राइविंग नॉलेज टेस्ट, और क्विज समेत एआई फोटोग्राफी का भी कार्यक्रम आयोजन किया है। जानकारी के मुताबिक देशभर में 1 जनवरी से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए राजधानी वासियों को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया है। रायपुर पुलिस ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। मरीन ड्राइव तेलीबांधा में फिटनेस एंड रोड सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किए गए है।

### रायपुर की सुजैन ने जीता मिसेज यूनिवर्स 2025 का खिताब





**रायपुर।** रायपुर की सुजैन खान ने मिसेज यूनिवर्स 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया है। यह खिताब जीतकर सुजैन ने भारत और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन थाईलैंड में हुआ। इसमें भारत की ओर से रायपुर की सुजैन ने भाग लिया। जेके फाउंडेशन (इंटरनेशनल) ने यह प्रतियोगिता आयोजित की थी। 121 देशों की सुंदरियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के तीन राउंड्स में सुजैन ने अपनी सुंदरता, आत्मविश्वास और प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया और खिताब अपने नाम कर लिया। सुपरमॉडल और टीवी एक्ट्रेस हैं सुजैन खान -सुजैन एक जानी-मानी सुपरमॉडल और टीवी एक्ट्रेस है। वह न सिर्फ रायपुर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में काफी मशहूर हैं। वह इंश्योरेंस कंपनी की तरफ से अवार्ड भी जीत चुकी हैं। सुजैन खान की यह उपलब्धि देश और राज्य के लिए गर्व की बात है। उनकी इस उपलब्धि ने छत्तीसगढ़ और भारत को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान दिलाई है। इस प्रतियोगिता के दौरान नशा ग्रुपर के ओनर रणदीप अरोड़ा, एंकर और सेलिब्रिटी लकी तरार, मिस थाईलैंड किम शाह और रशियन एक्ट्रैस सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व मौजूद रहे।

# लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी भाभी, देवर ने कर दी हत्या

### कुन्नी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेंदूघाट गांव का मामला

**सरगुजा।** जिले के लखनपुर क्षेत्र में शराब के नशे में हुए विवाद के बाद युवक ने अपनी भाभी को मौत के घाट उतार दिया। सुबह घर में महिला की खून से सनी लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। वहीं आरोपी युवक की तलाश जारी है।

यह घटना जिले के लखनपुर विकासखंड के कुन्नी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेंदूघाट की है। पुलिस के मुताबिक, किसी बात को लेकर विवाद होने पर देवर विष्णु दास अपनी भाभी को पीटते हुए घर के अंदर ले गया। बताया जा रहा है कि शराब के नशे में धुत युवक ने महिला के सिर पर पत्थर से हमला कर दिया, जिससे महिला घायल हो गई और उसकी मौत हो गई। महिला




की मौत के बाद आरोपी विष्णु दास मौके से फरार हो गया।

**लिव इन में रह रहे थे देवर भाभी:** तेंदूघाट गांव में रहने वाली 42 वषीर्या मानकुंवर अपने पति देवचंद दास से अलग रहती थी। छह माह पहले ही महिला मानकुंवर को उसका देवर विष्णु दास अपने साथ भगाकर ले गया और दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में साथ रहने लगे। इस बीच देवर-भाभी के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। 12 जनवरी की रात भी शराब पीने के बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ।

**फरार देवर की तलाश में पुलिस:** सुबह महिला का दूसरा देवर सिया दास मौके पर पहुंचा तो महिला की लाश देखी। इस घटना की खबर फैलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। हत्या की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और लाश को पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। पुलिस गांववालों से पूछताछ कर फरार आरोपी देवर की तलाश कर रही है।

# राजधानी के डॉ. दिनेश मिश्र का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

### 33 वर्षों से नि:शुल्क नेत्र शिविरों का अद्वितीय योगदान

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in



राजधानी के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मिश्र के समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए अभूतपूर्व कार्य को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में मान्यता दी गई है। पिछले 33 वर्षों से दीपावली और होली जैसे बड़े त्योहारों के दौरान उनके द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविरों को जनसेवा का अद्वितीय उदाहरण मानते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने डॉ. दिनेश मिश्र को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा जारी पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था की छत्तीसगढ़ प्रमुख सोनल राजेश शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष के सचिव विक्रम सिसोदिया और अन्य नागरिक उपस्थित थे। डॉ. दिनेश मिश्र ने 1991 में निःशुल्क नेत्र शिविरों की शुरूआत की थी। इन शिविरों का आयोजन त्योहारों के दौरान इसलिए किया गया ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरतमंद मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि दीपावली के पटाखों और होली के रंगों से होने वाली दुर्घटनाओं के कारण नेत्र संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में इन शिविरों ने हजारों लोगों को राहत प्रदान की है।

डॉ. मिश्र ने अब तक 4,000 से अधिक घायल मरीजों का निशुल्क परीक्षण, उपचार और ऑपरेशन किया है।

### एसडीएम एवं तहसील कार्यालय में भी हेलमेट अनिवार्य

# अधिकारी एवं कर्मचारी लगाएं हेलमेट, कलेक्ट्रेट परिसर में वाहन पार्किंग पर मनाही

### कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज कलेक्टोरेट परिसर के रेडक्रास सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि कलेक्टोरेट कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय सुबह 10 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहे और सभी अनुविभाग और तहसील स्तर के कार्यालय में अनिवार्य रूप से लागू किया जाएं। कलेक्टर ने कहा कि जो अधिकारी एवं कर्मचारी बाइक से आए वह हेलमेट और जो चारपहिया वाहनों का उपयोग करते हैं, वह सीट बेल्ट का उपयोग करें। साथ ही वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर वाहनों को पार्किंग करें। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी अपने संबधित पुलिस थाने के अधिकारी से संपर्क



रखें और दुर्घटना या किसी प्रकार हादसा होने पर तुरंत सूचना प्रदान आवश्यक कार्रवाई भी करें। साथ ही सभी तहसीलदार अपने कार्यालय में अनुशासन बनाए रखें और सभी लंबित प्रकरण का निपटारा करें। कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम सहित जिले मे परिवार सहायता पेंशन तथा निराश्रित पेंशन के प्रकरण अतिशीध्र निराकृत करे, यदि संबंधित बैंक द्वारा कोई दिक्क्तें आती हैं, उस पर भी कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने कहा कि आयुष्मान कार्ड का निर्धारित लक्ष्य के अनुसार स्कूली बच्चों का प्राथमिकता से बनाएं। एसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि यातायात को सुव्यवस्थित करने के लिए सभी सामूहिक रूप से प्रयास करें जो यातायात में बाधा पहुचाए उस पर कार्रवाई भी जाएगी। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### यातायात व्यवस्थित करने की गई कार्रवाई

# एसएमसी हॉस्पिटल में बिना अनुमति संचालित कैंटीन सील

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in

कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एसएमसी हॉस्पिटल के बेसमेंट पार्किंग क्षेत्र में बिना अनुमति संचालित केंटीन और डाइनिंग एरिया को सीलबंद किया गया।

हॉस्पिटल संचालक को पूर्व में कई बार नोटिस देने के बाद भी बेसमेंट पार्किंग में बिना अनुमति संचालित केंटीन और डाइनिंग एरिया का संचालन बंद नहीं किये जाने पर कार्रवाई की गई। एसएमसी हॉस्पिटल द्वारा सड़क को सामने की ओर घेरकर बनाये गए रेम्प को हटाने की कार्रवाई की गई है। सड़क पर रेम्प बनाये जाने से वहां लगातार सड़क यातायात बाधित रहने से



जाम लग रहा था। यातायात जाम की समस्या रेम्प हटाने के तत्काल बाद दूर हो गई और यातायात सुगम और सुव्यवस्थित हो गया, जिससे नागरिकों को राहत मिली।

### जशपुर जिले में 87.31 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

# पीएम मोदी की प्राथमिकता में आदिवासी समाज का उत्थान सर्वोपरि : साय

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता में आदिवासी समाज का उत्थान शामिल है। उन्होंने देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के लिए आदिवासी महिला को अवसर दिया। आज देश की राष्ट्रपति एक आदिवासी है, छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री एक आदिवासी है, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच का ही परिणाम है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास हमारी सरकार का ध्येय वाक्य है। इसके माध्यम से हम विजन-2047 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने में आप सबके सहयोग से सफल होंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर जिले के पमशाला में आयोजित अखिल भारतीय



कंवर समाज के वार्षिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए यह बात कही।मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है। इससे लोगों को राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों की योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। हमने पिछले एक साल में मोदी जी की अधिकांश गारंटियों को पूरा कर दिया है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदिवासी समुदाय के समग्र विकास और उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पीएम जनमन, धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। उन्होंने इन योजनाओं में आदिवासियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण आहार, रोजगार और मकान से लेकर हर जरूरत का ध्यान रखा है। छत्तीसगढ़ सरकार इन योजनाओं में तेजी से आदिवासी समुदाय को लाभान्वित कर रही है। हमारी सरकार आदिवासी समुदाय के साथ ही सभी वर्गों के जीवन में खुशहाली लाने और उनके उत्थान के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

**पमशाला के स्टेडियम के समतलीकरण के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा**- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर फरसाबहार में स्नेक पार्क और तपकरा को तहसील बनाने और पमशाला के स्टेडियम के समतलीकरण के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने 87 करोड़ 31 लाख 98 हजार रूपए लागत के 507 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इनमें 85.08 करोड़ रूपए की लागत के 483 कार्यों का भूमिपूजन एवं 2.23 करोड़ की लागत से निर्मित 24 कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमने शपथ-ग्रहण के दूसरे ही दिन कैबिनेट की पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना से प्रदेश के 18 लाख परिवारों को लाभान्वित करने तत्काल निर्णय ले लिया था।

# ओबीसी आरक्षण में कटौती के खिलाफ कांग्रेस का प्रदेश व्यापी धरना आज

**रायपुर।** पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कटौती के खिलाफ कांग्रेस प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में 15 जनवरी को एक दिवसीय धरना देकर विरोध प्रदर्शन करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार ने जानबूझकर प्रदेश में वर्ग संघर्ष फैलाने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कटौती करने का षड़यंत्र किया ताकि प्रदेश की बहुसंख्यक आबादी चुनाव लड़ने से वंचित रह जाये। पहले तो कहा गया पिछड़ा वर्ग के लिये 50 प्रतिशत आरक्षण किया जायेगा, जब नियम बनाया तो पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण शून्य की स्थिति में पहुंच गया।

पूरे प्रदेश में जिला पंचायत का एक भी अध्यक्ष पद पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षित नहीं हुआ। दीपक बैज ने कहा कि भाजपाई कहते है पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कांग्रेस भ्रम फैला रही है, तो भाजपा के नेता और सरकार ही बता दे उनके नये आरक्षण प्रावधान में पिछड़ा वर्ग के लिये क्या व्यवस्था हुई है? पिछड़ा वर्ग का पंचायतों में आरक्षण कम क्यों हो गया? एक भी जिला पंचायत अध्यक्ष पद में पिछड़ा वर्ग के लिये क्यो आरक्षण नहीं हुआ? भाजपा ने प्रदेश के आरक्षित वर्ग में वर्ग संघर्ष करवाने यह षड़यंत्र रचा है।

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट-IV-ए ई-नीलामी-अचल संपत्ति/यों की सार्वजनिक बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी-बिक्री सूचना)

पंजीकृत कार्यालय: 9वां तल, अंतरिक्ष भवन, 22, कस्तूरबा गांधी. मार्ग, नई दिल्ली-110 001. PH.: 011-23357171, 23357172, 23705414, Website : www.pnbhousing.com

शाखा कार्यालय: ऑफिस नं. 111-112, प्रथम मंजिल, प्लाट नं.1, ब्लॉक नं.9, डीबी कार्पोरेट पार्क, राजबंध मैदान, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001

एतदद्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से कॉलम संख्या-ए में निर्दिष्ट उधारकर्ताओं और ग्यारंटरों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (संपत्तियां) वर्णित हैं कॉलम संख्या-डी सुरक्षित लेनदार को गिरवी / प्रभारित किया गया है, जिसकी संरचना/भौतिक कब्जा मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड /सिक्योर्ड क्रेडिटर के प्राधिकृत कार्यालय द्वारा का कॉलम संख्या में वर्णित किया गया है, पर बेचा जाएगा "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे दिए गए विवरण के अनुसार। एतदद्वारा उधारकर्ताओं/कानूनी उत्तराधिकारियों कानूनी प्रतिनिधि को नोटिस दिया जाता है, चाहे वह अब या अज्ञात कटौतीकर्ता संबंधित देनदार/बंधककर्ता मृतक का प्रशासक उत्तराधिकारी (समनुदेशित हो) मामला प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के तहत कॉलम संख्या ए में आज की तारीख में संशोधित किया जा सकता है। बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें, कृपया प्रदान किए गए लिंक मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाइट देखें: www.pnbhousing.com

| ऋण संख्या/ऋणकर्ता का नाम/सह-ऋणकर्ता/जमानतदार (रों)/कानूनी वारिस (A) | मांग राशि एवं दिनांक (B) | कब्जे का प्रकार (C) | बंधक संपत्ति का विवरण (D) | आरक्षित मूल्य (आरपी) (E) | ईएमडी (10% आरपी) (F) | नीलामी प्रस्ताव की अंतिम दिनांक (G) | नीलामी वृद्धि दर (H) | निरीक्षण दिनांक एवं समय (I) | नीलामी समय एवं दिनांक (J) | ज्ञात भार/अदालती मामला यदि कोई हो (K) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| NHL/RAI/0317/364331 बसंत बिहारी शर्मा / सरोज कुमार शर्मा/बी.ओ.: रायपुर | रू. 16,68,676.91 और 19.04.2019 | (भौतिक) | दुकान नं. 108, ग्राउंड फ्लोर, पीएच नंबर 103/46, प्लॉट ख. क्रमांक 781/62 एवं 781/106, श्याम चेम्बर ग्राम-हीरापुर, वीर सावरकर नगर वार्ड क्रमांक 01, रायपुर, कासिम मोटर्स, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 | रू. 13,24,000 | रू. 1,32,400 | 29.01.2025 | रू. 10,000/- | 28.01.2025 को12:00 PM से 04:00 PM के बीच | 30.01.2025 को 2:00 PM से 3:00 PM के बीच | *निल/ ज्ञात नहीं |

"साथ में लागू 18% प्रति वर्ष के अतिरिक्त ब्याज के साथ, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि, भुगतान की तिथि और/या उसकी वसूली तक किए गए।" सर्वश्रेष्ठ करने के लिए पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के ज्ञान और जानकारी के अनुसार, ऊपर उल्लिखित अचल/कॉलम संख्या-के में प्रकट की गई संपत्तियों को छोड़कर सुरक्षित संपत्तियां। इसके अलावा, इस तरह के भार को सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा अपने स्तर पर पूरा/भुगतान किया जाएगा। भावी क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे स्वतंत्र रूप से उल्लेखित भारों की सत्यता का पता लगाएं

1. आज दिनांक तक, पीएनबीएचएफएल /पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों को बेचने, नष्ट करने और/या निपटान करने से रोकने और/या निषेधाज्ञा की गणना करने का कोई आदेश नहीं है। 2. संभावित क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पार्टियां स्वतंत्र रूप से कॉलम संख्या - K में वर्णित कार्यवाही / पारित आदेश आदि में याचिका का स्वतंत्र रूप से निरीक्षण कर सकती हैं। शीर्षक के दस्तावेजों के शीर्षक सहित लेकिन सीमित नहीं पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध है और निविदा/बोली आवेदन पत्र जमा करने या प्रस्ताव देने से पहले सभी तरह से खुद को संतुष्ट करना है। बोली लगाने वालों को बोली फॉर्म के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करना होगा। 3. कृपया ध्यान दें कि सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोली लगाने वाले/खरीदार को बिक्री मूल्य की राशि का 25% (बयाना सहित) जमा करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य किया गया है। पैसा) उसी दिन या अगले कार्य दिवस के बाद नहीं। सुरक्षा हित (प्रवर्तन नियम, 2002) के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त होने के बाद ही (बोली लगाने वालों) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टिकरण पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता को बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और इस तरह के जमा के मामले में, अधिकृत अधिकारी तारीख से 15 दिनों के भीतर बिक्री प्रतिफल राशि का आंशिक भुगतान जब्त कर लेगा। बिक्री पुष्टिकरण पत्र में उल्लिखित 15 दिनों की अनिवार्य अवधि की समाप्ति पर संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति को सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार फिर से बेचा जाएगा। 4. मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड प्राधिकृत अधिकारी को ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री करने में सहायता करेगा, जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नंबर 68, तीसरी मंजिल, सेक्टर 44, गुड़गांव, हरियाणा 122003 वेबसाइट - www.bankeauctions.com पर है। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने से संबंधित किसी भी सहायता के लिए और किसी अन्य प्रश्न के लिए या पंजीकरण के लिए, आपको श्री विवेक लोढ़ा, टोल फ्री नंबर 1800 120 8800 ईमेल- auction@pnbhousing.com से संपर्क करना होगा, यह पीएनबीएचएफएल का अधिकृत व्यक्ति है या www.pnbhousing.com देखें।

स्थान: रायपुर, दिनांक: 14.01.2025 हस्ते/-अधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड